हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 31 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक...



07 परंपरा व उत्साह से मनाया भुजरिया पर्व, दी...



खबर संक्षेप

निःशुल्क पंजीयन की अंतिम तिथि आज

नर्मदापुरम। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा बताया गया है कि RAMP योजना के अंतर्गत प्रस्तावित औद्योगिक भ्रमण के लिए पात्र MSMEs एवं Startups से नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। नर्मदापुरम जिले के पात्र MSMEs एवं Startups भी इस औद्योगिक भ्रमण के लिए अपना नामांकन करा सकते हैं। भ्रमण के लिए पात्र सेक्टर्स एवं उद्योगों का विस्तृत विवरण निर्धारित Google Form में उपलब्ध कराया गया है। सितंबर माह में प्रस्तावित औद्योगिक भ्रमण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है।

सेंट्रल जेल में लगा फ्री मेडिकल चेक-अप कैंप

नर्मदापुरम। सेंट्रल जेल खंड 'अ' में कैदियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक निःशुल्क मेडिकल और फिजियोथेरेपी चेक-अप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में न्यूरोलॉजिस्ट और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. ब्रजेश यादव ने लगभग 70 कैदियों का परीक्षण कर इलाज किया। इस अवसर पर जेल सुपरिटेंडेंट संतोष सोलंकी और जेलर प्रहलाद वरकड़े ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर कैदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं और भविष्य में भी ऐसे कैंप आयोजित किए जाते रहेंगे।

तीर्थ लिए आवेदन शुरू 18 सितंबर अंतिम तिथि

नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजनांतर्गत जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए काशी (वाराणसी)-गया तीर्थयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नर्मदापुरम (नोडल अधिकारी तीर्थयात्रा) ने बताया कि शासन से प्राप्त लक्ष्य अनुसार इस यात्रा का प्रस्थान 29 सितंबर 2026 को होगा और 04 अक्टूबर 2026 को वापसी होगी। इस यात्रा के लिए जिले से कुल 196 तीर्थयात्रियों को भेजा जाएगा।

एसटीआर में वन्य प्राणियों की मौजूदगी से खुश सैलानी

रक्षाबंधन पर लंबे अवकाश में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का बफर जोन रहा पर्यटकों से गुलजार वीकेंड पर बफर जोन में पर्यटकों ने देखे वन्यजीव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर


रक्षाबंधन पर लंबे अवकाश के चलते सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में पर्यटकों की खासी आमद हुई। सभी सफारी सप्ताह में बफर जोन में पर्यटकों से फुल रहीं व पर्यटकों ने वन्यजीवों की भरपूर साइटिंग की।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार रक्षाबंधन पर पूरे सप्ताह अवकाश के चलते बफरजोन में पर्यटन गतिविधियों की काफी अच्छी स्थिति थी। इस दौरान मध्य प्रदेश के महानगरों में सम्मिलित जबलपुर, इंदौर, भोपाल एवं ग्वालियर सहित



राजस्थान, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र तथा गुजरात से बड़ी संख्या में पर्यटकों की आमद हुई।

सभी पर्यटकों ने मॉर्निंग तथा ईवनिंग सफारी में बफर जोन के सेहरा एवं परसापानी नाकों के



आसपास के क्षेत्र में जंगल सफारी का जिप्सी से खूब आनंद लिया। इस दौरान पर्यटकों को लगभग प्रत्येक सफारी में खासी संख्या में सभी वन्यजीवों का दीदार हुआ।

नन्हें भालू शावक ने मोहा मन

कुछ गाइड्स ने पूछताछ में बताया कि बफर जोन में शनिवार शाम की सफारी में पर्यटकों ने शावक सहित एक मादा भालू को देखा। कई पर्यटकों के लिए यह क्षण रोमांचित कर देने वाला रहा। जिसमें मादा भालू अपने नन्हें शावक को पीठ पर बिठाकर जंगल में भ्रमण करती नजर आई। पर्यटकों की मौजूदगी महसूस कर मादा भालू ने शावक को पीठ से नीचे उतारा। तथा इस तरह खड़ी हुई जैसे कि वह तस्वीर निकलवा रही हो। इसके बाद मां भालू अपने शावक को पीठ पर बिठाकर जंगल में भोजन हो गई।

बाघ ने किया पर्यटकों को खुश

इसके बाद बफर जोन में भ्रमण पर निकले पर्यटकों को एक स्थल पर राह से कुछ दूर खुले मैदानी क्षेत्र में एक बाघ दिखाई दिया। बाघ आराम फरमा रहा था। आराम की मुद्रा में बैठे बाघ को पर्यटकों ने अपने कैमरों में उसकी छवि कैद की। पर्यटकों की उपस्थिति के बाद भी बाघ आराम करता दिखाई दिया। एक गाइड ने बताया कि बाघ ने कुछ देर पहले किए गए शिकार को खाया होगा। इसीलिये बाघ जंगल में आराम कर रहा था। इसके अलावा पर्यटकों ने तेंदुआ, बायसन, हिरण, सांभर, मगरमच्छ सहित कुछ विशेष पक्षियों का भी दीदार किया।

खस्ताहाल हुआ नर्मदापुरम-पचमढ़ी स्टेट हाईवे, हुए हजार से अधिक गड्ढे

लगभग 1.3 किलोमीटर लंबे तवा पुल में हुए सैकड़ों गड्ढे, सड़क भी खराब

स्टेट हाईवे पर नर्मदापुरम से पचमढ़ी तक 2018 के बाद कई बार मेंटेनेंस कार्य हुआ। रखरखाव पर करोड़ों रुपए की राशि व्यय की जा चुकी है। लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। सड़कों के गढ्ढे राहगीरों की मुसीबत बने हुए हैं वहीं प्रशासन मौन बना हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम पचमढ़ी स्टेट हाईवे की स्थिति खस्ताहाल है। दिखावटी मेंटेनेंस के परिणामस्वरूप सड़क में हजारों गड्ढे हो गए हैं। नागरिकों के अनुसार संबंधित विभाग हाईवे के गड्ढों का गिट्टी से पुराव कर रहा है तथा परंपरागत तरीके से आर्थिक गड़बड़ी





की भी संभावना बढ़ रही है। हरिभूमि ने गत दिवस सोहागपुर से नर्मदापुरम तक हाईवे से यात्रा में पाया कि सड़क पर सैकड़ों गड्ढों के हालिया हालातों ने वाहनों की मेंटेनेंस कास्ट बढ़ा दी है। नागरिकों के अनुसार वर्ष 2018 तक चेतक कंपनी के ठेके तक सड़क ठीक रही। कंपनी टोल टैक्स वसूलती थी तो सड़क का मेंटनेंस भी करती थी। कंपनी का काम बंद होते ही नर्मदापुरम से पचमढ़ी तक सड़क लगातार खस्ताहाल होती जा रही है।

व्यय हुए करोड़ों

स्टेट हाईवे मेंटेनेंस व्यवस्था जानकारों का कहना है कि नर्मदापुरम से पचमढ़ी तक 2018 के बाद कई बार मेंटेनेंस कार्य हुआ। रखरखाव पर करोड़ों रुपए की राशि व्यय की जा चुकी है। लेकिन हालात इस तरह हैं कि जब तक मेंटेनेंस का कार्य एक सिरे से दूसरे सिरे तक पहुंचता है, तब तक एक सिरे की सड़क पुनः उखड़ने लगती है। और फिर पुनः उल्टे क्रम में मेंटेनेंस कार्य करोड़ों रुपए व्यय कर शुरू किया जाता रहा। यह क्रम पिछले छह-सात वर्षों से जारी है।

कस्बों में हालत खराब

जिलावासियों के अनुसार कस्बों में स्टेट हाईवे खस्ताहाल है। सोहागपुर शहर में लगभग 100 मीटर का हिस्सा, माखन नगर में नर्मदापुरम की ओर का हिस्सा तथा निमसाड़िया ग्राम में सड़क खत्म हो गई है। करीब 1.3 किमी लंबे पुराने तवा पुल की हालत खराब है। जिसके सुधार पर पिछले पांच वर्षों में बड़ी राशि व्यय की जा चुकी है। लेकिन पुल पर सैकड़ो गड्ढे बन गए हैं।

टांगना गांव में विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट, काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पथरोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टांगना में दो पक्षों के बीच विवाद, गाली-गलौज और मारपीट की घटना सामने आई है। मामले में दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पथरौटा पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर काउंटर अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम टांगना निवासी 40 वर्षीय फरियादी अभयराम पिता वसनलाल कलम की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही आरोपी दुर्गेश राठौर और अतुल के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी अभयराम का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष से ग्राम टांगना निवासी 20 वर्षीय फरियादी दुर्गेश राठौर पिता गोकुल राठौर की शिकायत पर पुलिस ने अभयराम के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

सोहागपुर शहर में लीज नवीनीकरण के पेंडिंग मामलों को लेकर शिकायतों का लंबा इतिहास



सोहागपुर। सोहागपुर नगर की पुरानी तथा गंभीर समस्या लीज नवीनीकरण एवं लीज निर्धारण संबंधी है। जिसके कारण नागरिक परेशान हैं। अब कांग्रेसी इस लड़ाई को परिणाम तक ले जाने के लिए काम करने का मन बना रहे हैं। मामले में नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल ने गत दिवस नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा को आवेदन सौंपा। रविवार को हरिभूमि से विशेष चर्चा में नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल ने कहा कि नागरिक लंबे समय से समस्या से पीड़ित हैं। गत आधे दशक में कई कलेक्टर, एसडीएम तथा तहसीलदार आए गए। लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हो सका। पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित व अन्य कांग्रेसियों ने बताया कि मुद्दे पर कई बार गैर राजनीतिक रूप से लोगों ने ज्ञापन दिए, जनप्रतिनिधियों से चर्चाकर बैठकें भी कीं। लेकिन प्रशासनिक असहयोग के चलते जन के पक्ष में समाधान नहीं हुआ है। अतः अब विपक्ष के नगर, ब्लॉक तथा विधानसभा पदाधिकारियों के नेतृत्व में कार्यकर्ता जमीनी लड़ाई की तैयारी कर रहे हैं। नगर अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी प्रशांत जायसवाल, का कहना था कि लीज नवीनीकरण के मामले लंबे समय से पेंडिंग हैं। हमें मिलकर लड़ाई लड़नी पड़ेगी। जनहित के लिए हम सभी कांग्रेसी तैयार हैं।

नई कार्यकारिणी का हुआ गठन, सत्यम बने जिला फुटबॉल संघ के निर्विरोध अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में फुटबॉल के विकास को नई दिशा देने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में जिला फुटबॉल संघ नर्मदापुरम की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी गठन का आयोजन सॉई कृष्णा रिसोर्ट, इटारसी में किया गया।

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन एवं मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता पारस जैन की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिला फुटबॉल संघ के



वर्तमान सचिव दीपक परदेसी ने बताया कि पिछले एक माह से नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया चल रही थी। जिले के पंजीकृत फुटबॉल क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों की सहमति से कार्यकारिणी का गठन किया गया।

रविवार को आयोजित संघ की बैठक में जिला सलाहकार समिति के सदस्य एवं फाइटर फुटबॉल क्लब इटारसी के अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल को जिला फुटबॉल संघ नर्मदापुरम के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध एवं सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया।

नई कार्यकारिणी में अरविंद ठाकुर को सचिव, आशीष डेविड कोषाध्यक्ष तथा डॉ. सरोज चौहान एवं मयूर जायसवाल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

जगद्गुरु शंकराचार्य के जन्म दिवस पर की गई सेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ग्राम करनपुर स्थित श्री स्वरूपेश्वर महादेव मंदिर में 30 अगस्त को वर्धन्ति उत्सव मनाया गया। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज के परम सेवक समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया ने बताया कि जगतगुरु का 68 वां जन्मदिवस वर्धन्ति महोत्सव रूप में मनाया गया। पुर्विया ने बताया कि जगतगुरु शंकराचार्य मनोरमा गोलोक तीर्थ नंदगांव राजस्थान में चातुर्मास अवधि में हैं। रविवार को दर्शनार्थ सोहागपुर क्षेत्र से पुर्विया तथा साथी सनातनी पहुंचे। सभी ने नंदगांव गौशाला में शंकराचार्य जन्मोत्सव पर गौ सेवा की। इस दौरान हरगोविंद पुर्विया सहित राजेश बैस, एमके ठाकुर व अन्य आदि उपस्थित थे।

मिलन समारोह में उमड़ा मातृ शक्ति का स्नेह बहनों ने पार्षद कलोशिया को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड क्रमांक 12 स्थित वृंदावन गार्डन में रविवार को पार्षद एवं नगर पालिका सभापति मनजीत कलोशिया के द्वारा रक्षाबंधन मिलन समारोह एवं मातृशक्ति सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की सैकड़ों महिला बहनों एवं छोटी बच्चियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर पार्षद मनजीत कलोशिया की कलाई पर राखी बांधी।

इस अवसर पर पार्षद मनजीत कलोशिया ने सभी बहनों के सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लेते हुए कहा कि "बहनों का सम्मान और उनकी सुरक्षा मेरी सर्वोच्च



प्राथमिकता है। भाई के रूप में मैं हमेशा अपनी बहनों के साथ खड़ा रहूंगा और उनके सुख-दुख में हर संभव सहयोग करूंगा।

राखी बांधने के पश्चात उपस्थित बहनों ने पार्षद मनजीत कलोशिया को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम में भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और आत्मीयता का भाव देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका के सभापति राकेश जाधव, वरिष्ठ समाजसेवी मनीष ठाकुर, भूपेंद्र विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि कुलदीप रघुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश रैकवार, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष आनंद उटवार , चन्द्रवंशी सर, वरिष्ठ समाज सेवी रमेश माहौरिया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन और आयुध नगर में खिलाड़ियों का हुआ स्वागत

55वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लौटी अंडर-14 बालिका हॉकी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

55वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, इटारसी की अंडर-14 बालिका हॉकी टीम वापस लौटी। नई दिल्ली में 25 से 29 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में टीम ने भोपाल रीजन का प्रतिनिधित्व करते हुए रांची रीजन को 3-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

मैच में जसलीन दयाल, पावनी झा और रिद्धि ने एक-एक गोल कर टीम को जीत दिलाई। पूरे मुकाबले में इटारसी की खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल के साथ बेहतर तालमेल और अनुशासन का परिचय दिया।

तमिलनाडु एसएफ एक्सप्रेस से टीम के इटारसी रेलवे स्टेशन पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। इसके बाद आयुध नगर खेल परिसर ग्राउंड में भी टीम का स्वागत और उत्साहवर्धन किया गया। स्वागत करने वालों में



विकास कोरी, रामचरण बाबरिया, आदेश सिंह, विद्यासागर, दीप सिंह ठाकुर, रमेश चौरे, दयाशंकर पवार, खगेन्द्र कहार, संस्कार, विवेक रोहे, दीपक और अनिरुद्ध सहित सभी माता-पिता, वरिष्ठ एवं जूनियर खिलाड़ी शामिल रहे।

विद्यालय की प्राचार्या श्रद्धा पाठक ने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को आगे भी अनुशासन और मेहनत के साथ खेल जारी रखने के लिए प्रेरित किया। खेल शिक्षक रोनित यादव और प्रमुख कोच रामचरण बाबरिया के मार्गदर्शन में टीम ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयारी की थी।

24 हजार गायत्री मंत्रों का सामूहिक जाप यज्ञ के 21 कार्यक्रम हुए पूर्ण

नर्मदापुरम। गायत्री परिवार नर्मदापुरम के तत्वावधान में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित श्री मंगल सिंह यादव के निवास पर 24 हजार गायत्री मंत्रों का सामूहिक जाप एवं एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के परिजनों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का जाप किया। सामूहिक जाप के पश्चात विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ में श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां अर्पित की गईं। गायत्री परिवार नर्मदापुरम द्वारा 24 हजार गायत्री मंत्रों के सामूहिक जाप एवं एक कुण्डीय यज्ञ की श्रृंखला के रूप में चलाए जा रहे अभियान में 21 कार्यक्रम पूर्ण हो चुके हैं। इस अभियान के माध्यम से घर-घर गायत्री मंत्र जाप, यज्ञ एवं संस्कारमय वातावरण निर्माण का संदेश दिया जा रहा है।

आयोलाल-झूलेलाल के जयकारों से गूंजा शहर छेज नृत्य के साथ चालीहा महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के प्रमुख और सशक्त सिंधी समाज के सबसे बड़े धार्मिक अनुष्ठान 'झूलेलाल चालीहा महोत्सव का रविवार को अपार श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ समापन हो गया। 40 दिनों तक चले इस महापर्व के अंतिम दिन पूरा शहर सिंधी संस्कृति और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। पूज्य पंचायत सिंधी समाज और झूलणं सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव के

समापन पर एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा। आयोलाल-झूलेलाल के जयकारों और पारंपरिक छेज नृत्य ने पूरे शहर का माहौल धर्ममय कर दिया।

40 दिन की कठिन तपस्या व अटूट आस्था

सिंधी समाज में भगवान श्री झूलेलाल चालीहा को मनोकामना पूर्ण करने वाला सबसे पवित्र और कठिन व्रत माना जाता है। इष्टदेव भगवान झूलेलाल साईं की कृपा प्राप्त करने के लिए समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने 40 दिनों का कठिन उपवास रखा। इन 40 दिनों के दौरान इटारसी के झूलेलाल मंदिर में आस्था का मेला लगा रहा। प्रतिदिन सुबह और शाम पारंपरिक सिंधी



भजनों के साथ महाआरती की गई और देर रात तक कीर्तन का दौर चलता रहा।

21 बहराणा साहब का हुआ निर्माण, संतों ने दिया आशीर्वाद

चालीहा महोत्सव के समापन का सबसे प्रमुख और पवित्र आकर्षण बहराणा साहब होता है। रविवार सुबह से ही मंदिर परिसर में 21 बहराणा साहब का भव्य निर्माण किया गया। दिन भर मंदिर में भजन-कीर्तन और विशेष प्रार्थनाओं का दौर चला। इस विराट आयोजन में श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देने के लिए विशेष

रूप से गुजरात से साईं मनीष लाल और ठाणे (मुंबई) से गुल साईं का आगमन हुआ। संतों के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने इष्टदेव की आराधना की।

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 183 यात्री मथुरा के लिए रवाना



बैतूल। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले के 183 तीर्थयात्रियों एवं 4 अनुरक्षकों को जिला प्रशासन द्वारा रविवार को बैतूल रेलवे स्टेशन से मथुरा के लिए रवाना किया गया। तीर्थयात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन क्रमांक 08813 बैतूल से मथुरा के लिए रवाना हुई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न धार्मिक एवं पवित्र स्थलों की यात्रा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। मथुरा यात्रा के दौरान तीर्थयात्री भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने तीर्थयात्रियों के सुखद, मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

कार ने बाइक को मारी टक्कर, 3 गंभीर घायल

बैतूल। बैतूल कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खेडीसावलीगढ़ मोहडी ढाना के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग घायल हो गए है। खेडीसावलीगढ़ चौकी प्रभारी राकेश सरियाम ने बताया कि हादसा रविवार दोपहर को लगभग 1.30 बजे हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और डायल 112 की मदद से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती किया है। घायल चिचढाना निवासी होना बताया है। हालांकि अभी घायल बेहोश है, जिसके कारण घायलों के नाम का पता नही चला है। पुलिस हादसे की जांच में जुटी है।

तीन दिवसीय दौरे पर निकलेंगे जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा

बैतूल। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा 4 सितंबर से जिले के विभिन्न क्षेत्रों के तीन दिवसीय सघन दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर जन-जागरण अभियान चलाएंगे। साथ ही मंडल कमेटियों, पंचायत अध्यक्षों, बीएलओ-2 और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर संगठन की स्थिति की समीक्षा करेंगे। जिला संगठन महासचिव ब्रजभूषण पांडे ने बताया कि दौरे की शुरुआत 4 सितंबर को दोपहर 1 बजे हिडली में आमसभा से होगी। इसके बाद बोधी, खोमई और कोधेलकुण्ड में संगठनात्मक बैठकें होंगी। 5 सितंबर को दोपहर 1 बजे घोड़ाडोंगरी में आमसभा के बाद भायावाड़ी और कुण्डी में मंडल कमेटियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी। शाम 5 बजे वे भौरा में कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में शामिल होंगे। दौरे के अंतिम चरण में 7 सितंबर को दोपहर 2 बजे दमजीपुरा में जन-जागरण सभा होगी। इसके बाद शाम 5.30 बजे असाड़ी में मंडल कमेटी और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे। शाम 7 बजे उनका बैतूल आगमन होगा।

घर में घुसे संदिग्ध पेट्रोल डालकर चाकू दिखाने का आरोप

बैतूल। आमला थाना क्षेत्र के ग्राम बोचनवाड़ी में शनिवार रात एक घर में दो युवकों के घुसने का मामला सामने आया। घटना के बाद ग्रामीणों ने दोनों युवकों को पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने आमला थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट और डराने-धमकाने के आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, घटना रात करीब 12 बजे की है। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इसके बाद दोनों संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया गया। शिकायत में करीब 9 लोगों के घर में घुसने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, वृद्धा सोमती के चेहरे पर पेट्रोल डालकर उसे चाकू दिखाया गया और धमकाया गया। घर के पुरुषों को बंधक बनाने की बात भी शिकायत में कही गई है।

पुरातत्व विभाग ने कभी लिया था संज्ञान, लेकिन संरक्षण के प्रयास हुए बेअसर

ताप्ती तट पर बिखरी पड़ी है प्राचीन विरासत

असलम अहमद ⏭मुलताई

ताप्ती नदी के तटीय ग्राम डोहलन में मध्य प्रदेश पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित क्षेत्र के रूप में चिह्नित ऋषि बाबा मंदिर एवं माता मंदिर प्राचीन वास्तुकला और संस्कृति के अमूल्य खजाने को अपने भीतर समेटे हुए हैं। मंदिर परिसर और आसपास आज भी प्राचीन स्थापत्य के अवशेष, विशाल पत्थरों के स्तंभ, नक्काशीदार शिलाखंड और आकर्षक प्रतिमाएं बिखरी पड़ी हैं। हालांकि, इस ऐतिहासिक विरासत को सहेजने और विकसित करने के लिए अब तक कोई ठोस और व्यापक प्रयास नहीं हो सके हैं।

बताया जाता है कि पुरातत्व विभाग ने वर्षों बाद इन प्राचीन धरोहरों की सुध लेते हुए यहां कुछ निर्माण कार्य कराए थे तथा मंदिर के संरक्षित क्षेत्र होने की जानकारी देने वाला सूचना पटल भी लगाया गया था। लेकिन कुछ ही समय बाद निर्माण कार्यों की स्थिति खराब होने लगी और सूचना पटल भी गायब हो गया। ऐसे में ऐतिहासिक महत्व रखने वाली यह धरोहर आज भी उचित संरक्षण की बाट जोह रही है।







बिखरे पड़े हैं विशाल मंदिर के अवशेष

ऋषि बाबा मंदिर के समीप स्थित माता मंदिर परिसर में प्राचीन विशाल मंदिर के अवशेष आज भी जगह-जगह दिखाई देते हैं। परिसर में विशाल पत्थरों से निर्मित स्तंभ और स्तंभों को स्थापित करने के लिए तराशे गए पत्थर के आधार मौजूद हैं। इन आधारों पर नाग की आकृतियां उकेरी गई हैं, जबकि स्तंभों पर सूर्य और चंद्रमा की आकृतियां स्पष्ट दिखाई देती हैं। आज यहां विशाल मंदिर का मूल स्वरूप भले ही मौजूद नहीं है, लेकिन बिखरे पड़े इन अवशेषों पर उकेरी गई कलाकृतियां किसी अनसुलझी ऐतिहासिक पहेली से कम नहीं हैं। ये अवशेष मानो अपने गौरवशाली अतीत की कहानी स्वयं बयां कर रहे हैं। माता मंदिर के प्रवेश द्वार पर उकेरी गई प्रतिमाएं और नक्काशी ताप्ती तट पर विकसित हुई प्राचीन सभ्यता और स्थापत्य कला की समृद्ध परंपरा का आभास कराती हैं।

तपोस्थली रहे हैं ताप्ती तट के ये क्षेत्र

डोहलन के ग्रामीणों के अनुसार इन मंदिरों के प्राचीन इतिहास की जानकारी रखने वाले लोग अब इस दुनिया में नहीं हैं। हालांकि, बुजुर्गों से सुनी गई मान्यताओं के अनुसार ऋषि बाबा मंदिर में कई वर्ष पूर्व एक ऋषि निवास करते थे और उन्होंने यहां तपस्या की थी। इसी कारण इस स्थान को ऋषि बाबा मंदिर के नाम से जाना जाने लगा। मंदिर से जुड़ी कई धार्मिक मान्यताएं आज भी ग्रामीणों में प्रचलित हैं। चैत्र मास की पूर्णिमा पर यहां विशाल मेले का आयोजन होता है, जिसमें आसपास के क्षेत्रों सहित दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं और मनोकामना पूरी होने की कामना करते हैं।

प्राचीनता का प्रमाण हैं ऋषि बाबा और माता मंदिर

मुलताई से लगभग 18 किलोमीटर दूर मासोद मार्ग पर ताप्ती नदी के किनारे स्थित ग्राम डोहलन को अत्यंत प्राचीन ग्राम माना जाता है। यहां स्थित ऋषि बाबा मंदिर और माता मंदिर इसकी प्राचीनता के महत्वपूर्ण प्रमाण माने जाते हैं। ऋषि बाबा मंदिर में स्थापित प्राचीन शिवलिंग विशेष आकर्षण का केंद्र है। ग्रामीणों के अनुसार यह शिवलिंग सामान्य शिवलिंगों से आकार और स्वरूप में अलग दिखाई देता है और इसे अत्यंत दुर्लभ माना जाता है। मंदिर कितना पुराना है, इसकी प्रमाणिक जानकारी ग्रामीणों के पास नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी अनेक मान्यताएं और दंतकथाएं आज भी प्रचलित हैं।

पत्थरों पर उकेरी गईं आकर्षक प्रतिमाएं

ऋषि बाबा मंदिर के सामने प्राचीन मंदिर के अवशेष दिखाई देते हैं। यहां मंदिर का परकोटा, प्रवेश द्वार और चबूतरा आज भी मौजूद है। चबूतरे की बनावट भी प्राचीन मंदिर स्थापत्य की विशिष्ट शैली को दर्शाती है। चबूतरे के ऊपर बना प्रवेश द्वार वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है। द्वार पर की गई बारीक नक्काशी और कारीगरी सहज ही लोगों का ध्यान आकर्षित करती है। मंदिर के विभिन्न हिस्सों में भगवान गणेश, नटराज, ऋद्धि-सिद्धि, भगवान राम सहित अनेक देवी-देवताओं की प्रतिमाएं उकेरी गई हैं। इसके अलावा पत्थरों पर अटखेलियां करती युवतियों की आकृतियां भी दिखाई देती हैं। वर्षों पुरानी ये प्रतिमाएं आज भी इतनी जीवंत प्रतीत होती हैं, मानो उनमें प्राण बसते हों।

नहीं हुई प्राचीन अवशेषों की विस्तृत खोज

डोहलन में जिस तरह प्राचीन मंदिरों के अवशेष बिखरे पड़े हैं, उन्हें देखकर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि कभी यहां कोई विशाल मंदिर परिसर अस्तित्व में रहा होगा। ग्रामीणों का मानना है कि क्षेत्र की विस्तृत पुरातात्विक जांच कराई जानी चाहिए। उनका कहना है कि मंदिर के आसपास स्थित टीले के नीचे भी प्राचीन मंदिर या अन्य ऐतिहासिक अवशेष दबे हो सकते हैं। धनराज गव्हाड़े बताते हैं कि पहले ऋषि बाबा मंदिर से ताप्ती तट तक पहुंचने का मार्ग था। वर्ष 1991 में चंदोरा बांध टूटने के बाद आई बाढ़ के दौरान ताप्ती तट के दोनों हिस्से खुल गए थे।

धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकता है क्षेत्र

ताप्ती तट पर स्थित ऋषि बाबा मंदिर एवं माता मंदिर को व्यवस्थित रूप से विकसित कर आकर्षक धार्मिक एवं पर्यटन स्थल का स्वरूप दिया जा सकता है। इस दिशा में ग्राम पंचायत डोहलन के सहयोग से प्रयास कर रहे सेवानिवृत्त एई आरसी गव्हाड़े का कहना है कि थोड़े से प्रयास और सुनियोजित विकास से इस क्षेत्र को महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन स्थल बनाया जा सकता है। गव्हाड़े के अनुसार ग्राम पंचायत की अपनी सीमाएं होती हैं। इन्हीं सीमाओं में रहते हुए क्षेत्र में घाट और प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया है। हालांकि, इसे बड़े धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मंदिर क्षेत्र में लगभग 8 से 10 एकड़ भूमि उपलब्ध है। सीमांकन कर क्षेत्र को सुरक्षित करने के साथ बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जा सकता है। इसके बाद यहां सुंदर उद्यान, श्रद्धालुओं के लिए विश्राम गृह बनाकर ताप्ती तटो को धार्मिक अनुष्ठानों के लिए सुंदर रूप दिया जा सकता है अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं। ग्राम पंचायत द्वारा मार्ग निर्माण किए जाने के बाद मंदिर तक पहुंचने की दूरी और कठिनाई भी काफी कम हुई है। यदि एक छोटी पुलिया और संपर्क मार्ग का निर्माण करा दिया जाए तो मंदिर तक पहुंच आसान हो सकती है।

ट्रैक पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

बैतूल। आमला-छिंदवाड़ा रेलवे ट्रैक पर एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिला है। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का शव कई टुकड़ों में बंट गया था और उसका सिर धड़ से अलग हो गया था। घटना के तीन दिन बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी। रेलवे प्रबंधन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और रेलवे ट्रैक से शव के टुकड़ों को बरामद किया। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। युवक ने लाल रंग की टी-शर्ट पहन रखा था। उसके बाएं हाथ पर गुदने (टैटू) का निशान भी मिला है। मृतक का रंग गोरा और कद-काठी सामान्य बताई गई है। शव की अत्यधिक क्षत-विक्षत हालत के कारण पहचान करना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। पुलिस ने शव को सुरक्षित रूप से मर्चुरी में रखवाया और पहचान के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों में सूचना भेजी। संभावित गुमशुदगी के मामलों से भी मिलान करने का प्रयास किया गया, लेकिन तीन दिन बाद भी शव की पहचान नहीं हो पाई। पहचान नहीं होने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। नियमानुसार, शव को दफना दिया गया है। पुलिस अभी भी मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। फिलहाल, पुलिस यह स्पष्ट नहीं कर पाई है कि युवक ट्रेन की चपेट में कैसे आया। पुलिस आत्महत्या और हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंकने, दोनों पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र से मिले साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

मानदेय बढ़ाने और स्थायी जॉब पॉलिसी की मांग

व्यावसायिक प्रशिक्षकों की बैठक में 69 वीटी जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल



समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत नवीन व्यावसायिक शिक्षा से जुड़े व्यावसायिक प्रशिक्षकों की रविवार को ऑफलाइन बैठक हुई। इसमें बैतूल जिले के विभिन्न ब्लॉकों से 69 व्यावसायिक प्रशिक्षक शामिल हुए। बैठक में करीब 10 वर्षों से शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को रोजगारपरक एवं कौशल आधारित शिक्षा दे रहे प्रशिक्षकों की समस्याओं और लंबित मांगों पर चर्चा की गई।

बैठक में रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को राखी के साथ मांग-पत्र भेजने की पहल पर भी चर्चा हुई। प्रशिक्षकों ने कहा कि वर्तमान में उन्हें करीब 20 हजार मासिक मानदेय पर काम कराया जा रहा है, जो मौजूदा महंगाई के हिसाब से काफी कम है। उन्होंने मानदेय बढ़ाकर कम से कम 38,600 से 40 हजार करने, प्रतिवर्ष वेतनवृद्धि देने और आउटसोर्स व्यवस्था समाप्त कर स्थायी जॉब पॉलिसी लागू करने की मांग रखी। इसके साथ ही प्रशिक्षकों ने स्कूल शिक्षा विभाग से सीधे मानदेय भुगतान, आवश्यक सेवा सुविधाएं, सवैतनिक मातृत्व अवकाश और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। प्रशिक्षकों का कहना है कि वे वर्षों से शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा देकर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में योगदान दे रहे हैं। व्यावसायिक प्रशिक्षक संघ बैतूल के जिला अध्यक्ष कृष्णा सूर्यवंशी ने कहा कि प्रशिक्षकों की सभी मांगें जायज हैं। महंगाई को देखते हुए मानदेय में वृद्धि जरूरी है। वर्तमान 20 हजार का वेतन पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी होने तक प्रशिक्षकों का प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। बैठक में 69 प्रशिक्षकों की उपस्थिति को संगठन की एकजुटता के रूप में देखा गया।

जन्माष्टमी पर भव्य कृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी

बीजासनी मंदिर में गूंजेगा नंद के घर आनंद भयो का जयघोष



हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल

नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर जन्माष्टमी की रात भक्तिमय हो उठेगा। आगामी 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर में भव्य कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिर परिसर में उत्सव का माहौल बनेगा और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आएंगे। जन्माष्टमी को लेकर मंदिर में विशेष साज-सज्जा की जा रही है। भगवान श्रीकृष्ण के पालने को आकर्षक रूप से फूलों से सजाया जाएगा, वहीं मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा मनमोहक एवं आकर्षक झांकियां तैयार की जा रही हैं। भगवान के आगमन पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा रात्रि 8 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया है। भजन-कीर्तन के बीच जैसे-जैसे घड़ी की सुई मध्यरात्रि की ओर बढ़ेगी, श्रद्धालुओं में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म को लेकर उत्साह बढ़ता जाएगा। रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा तथा महाआरती की जाएगी। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर 51 किलो मिठाई (सवा मणी), 11 किलो माखन-मिश्री, साबूदाना खिचड़ी एवं पंजरी का भोग लगाया जाएगा। महाआरती के पश्चात यह प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। मंदिर संस्थापक एवं समिति अध्यक्ष श्री दीपक शर्मा ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर प्रतिवर्ष मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। इस वर्ष भी मंदिर को आकर्षक रूप से सजाने के साथ ही झांकियों एवं अन्य तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से परिवार सहित आयोजन में शामिल होकर भजन संध्या, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं महाआरती में सहभागी बनने तथा पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

अतिथियों ने थामी स्टिक और दागे गोल

राष्ट्रीय खेल दिवस पर बैतूल में हुआ भव्य हॉकी मैत्री मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल



जिला खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस तीन दिवसीय आयोजन के द्वितीय दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों के बीच एक रोमांचक हॉकी मैत्री मैच खेला गया, जिसने युवा खिलाड़ियों में नए जोश का संचार किया। इस दौरान एक घंटा खेल के मैदान में थीम को चरितार्थ करते हुए सभी आगंतुक अतिथि स्वयं मैदान में उतरे।

अतिथियों ने हॉकी स्टिक थामकर गोल दागे और मैदान पर पसीना बहाते हुए युवाओं को फिटनेस का संदेश दिया। इसके साथ ही बच्चों के मनोरंजन और खेल के प्रति उत्साहवर्धन के लिए विशेष रूप से रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। समारोह में खेल प्रतिभाओं को सम्मानित करने के क्रम में अतिथियों द्वारा हॉकी सेंटर के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों भावेश धोटे और शिवा पवार को प्रोत्साहन स्वरूप नई हॉकी स्टिक्स भेंट की गईं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतीत पवार, प्रदीप खंडेलवाल, अक्षय वर्मा, अध्यक्ष हॉकी संघ जगेन्द्र सिंह तोमर सचिव हॉकी संघ, जगदीप वर्मा पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी, धर्मेन्द्र पवार क्रीड़ा अधिकारी, सुधीर जैन वरिष्ठ खिलाड़ी, देवेन्द्र पाटिल, शैलेश गुबरेले वरिष्ठ खिलाड़ी, प्रफुल्ल गौठी, शारिक खान वरिष्ठ खिलाड़ी, धनंजय सिंह ठाकुर माय भारत, एवं अन्य गणमान्य की उपस्थिति रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला खेल और युवा कल्याण विभाग के युवा समन्वयक रामनारायण शुक्ला, राधेलाल बनखेड़े, शैलेन्द्र शर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, ललिता धुर्वे आदि रहे मौजूद।

यात्रा का जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती पर समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा पहुंची सावलमेंढा

हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा 30 अगस्त को मुलताई से निकली। इस दौरान यात्रा प्रमुख ग्रामों का भम्रण करते हुए आठनेर, हिड़ली होते हुए सावलमेंढा पहुंची, जहां गाजे- बाजे के साथ यात्रा ने स्थानीय मंदीरों का भ्रमण किया। तत्पश्चात यात्रा का रात्रि विश्राम किया गया। यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में जनप्रतिनिधियों के साथ सामाजिक बंधु, संत रविदास समाज के अनुयायी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। यात्रा के दौरान संत रविदास जी के विचारों और उनके द्वारा दिए गए सामाजिक समरसता, समानता एवं भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की समरसता पावन कलश एवं कलश रथ जिला मुख्यालय से स्थानीय रविदास मंदिरों तथा ग्राम स्तर तक पहुंचाए जाएंगे। कलश रथ 20 अगस्त से 10 सितंबर तक जिले में निर्धारित मार्ग के अनुसार भ्रमण करेगा। संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की समरसता कलश यात्रा भैंसदेही विकासखंड में 31 अगस्त को सावलमेंढा से गुदगांव, भैंसदेही नगर भ्रमण एवं रात्रि विश्राम, 1 सितंबर को भैंसदेही नगर से रतनपुर भ्रमण एवं रात्रि विश्राम, 2 सितंबर को रतनपुर से भीमपुर चिरापतला भ्रमण एवं रात्रि विश्राम रहेगा। इसके अलावा घोड़ाडोंगरी विकासखंड में 3 सितंबर को यात्रा चिरापाटला से चिचोली नगर भ्रमण एवं रात्रि विश्राम, 4 सितंबर को चिचोली नगर से पाढर भ्रमण एवं रात्रि विश्राम, 5 सितंबर को पाढर से घोड़ाडोंगरी, चोपना भ्रमण तथा रात्रि विश्राम रहेगा। बैतूल विकासखंड में 6 सितंबर को यात्रा चोपना नगर से बडोरा बैतूल पहुंचेंगी तथा रात्रि विश्राम रहेगा। वहीं 7 सितंबर को यात्रा बडोरा से बैतूल बाजार नगर भ्रमण एवं रात्रि विश्राम, 8 सितंबर को बैतूल बाजार से खेड़ी सांवलीगढ़ भ्रमण एवं रात्रि विश्राम, 9 सितंबर को खेड़ी सांवलीगढ़ से बैतूल नगर भ्रमण, स्थानीय मंदिरों का भ्रमण एवं रात्रि विश्राम रहेगा तथा 10 सितंबर को बैतूल नगर भ्रमण कर शाम 6 बजे यात्रा का समापन किया जाएगा।



मंदिरों में होंगे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन

कलश रथ के भ्रमण के दौरान जिला, ग्राम एवं चिन्हित स्थानीय रविदास मंदिरों में कलश का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान सामूहिक आरती, गुरु वाणी पाठ, भजन संध्या, समरसता संकल्प, भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण, प्रभात फेरी, झांकी, दीप प्रज्ज्वलन एवं अन्य धार्मिक-सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भजन मंडली प्रतियोगिता सहित विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों के माध्यम से संत रविदास जी के विचारों और संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थित संत गुरु रविदास मंदिरों एवं उनके परिसरों में साफ-सफाई तथा आवश्यक विकास कार्य कराए जाएंगे। अनुसूचित जाति केंद्रित मंडलों की पहचान कर संबंधित क्षेत्रों में स्थित संत रविदास मंदिरों की सूची तैयार करने तथा मंदिर समितियों एवं संतों से संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीएमसीएलडीपी के नए सत्र का शुभारंभ, छात्रों को बांटीं निःशुल्क पुस्तकें

समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएं विद्यार्थीः गोवर्धन राने

हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर के निर्देशन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आठनेर में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। विकासखंड समन्वयक मधु चौहान ने कार्यक्रम की रूपरेखा और पाठ्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला महामंत्री कृष्णा गायकी ने कहा कि पाठ्यक्रम का उद्देश्य केवल डिग्री दिलाना ही नहीं, समाज में सामुदायिक नेतृत्व खड़ा करना भी है। विद्यार्थियों को अपने गांव के समग्र विकास में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। नगर मंडल अध्यक्ष एवं परामर्शदाता गोवर्धन राने ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाते हुए अपने ग्राम को आदर्श ग्राम बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम नेतृत्व क्षमता, सामाजिक संवेदनशीलता, जनभागीदारी और ग्राम विकास के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। इस दौरान नवीन विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकों के सेट वितरित किए गए। विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों ने ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण में सक्रिय भागीदारी का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर परिषद एल्डरमैन रोशन झोड़, जनपद सदस्य राजू सलामे, दिनेश उईके, समाजसेवी कैलाश आजाद, धनराज गावंडे, मुन्ना आवठे, नवांकुर संस्था अध्यक्ष दिनेश माकोड़े, परामर्शदाता दिनेश साकरे, अंकित सातपुते, राधिका बारपेटे, दीपाली पातुलकर सहित बड़ी संख्या में सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पहुंची संत रविदास महाराज की शोभायात्रा का उपस्थित लोगों ने भव्य स्वागत किया। संचालन आशुतोष सिंह चौहान ने किया। आभार कैलाश आजाद ने माना। समापन राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ सामूहिक वंदे मातरम्-गायन से हुआ।

भुजरिया देकर लिया आशीर्वाद, एक-दूसरे के गले मिलकर दी शुभकामनाएं

बुजुर्गों के साथ युवाओं ने खेला डांडिया, मंगलगीत गाए, नर्मदा तट पहुंचकर किया भुजरिया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





रक्षाबंधन के दूसरे दिन शनिवार को भैरूंदा नगर सहित ग्रामीण अंचलों में लोक आस्था, हरियाली और सामाजिक सौहार्द का पर्व भुजरिया पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीण अंचलों सहित ग्राम चौरसाखेड़ी में पर्व का विशेष रंग देखने को मिला। यहां बुजुर्गों के साथ युवाओं ने ढोलक की थाप पर डांडिया खेलकर सदियों पुरानी लोकपरंपरा को जीवंत किया। वहीं महिलाओं की टोलियां सिर पर हरी भुजरिया से सजी टोकरियां लेकर मंगलगीत गाते हुए नर्मदा तट पहुंचीं। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद भुजरिया का नर्मदा जल में विसर्जन किया गया। इस दौरान अच्छी बारिश, खेतों में भरपूर फसल और परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की गई।

भुजरिया पर्व को कई क्षेत्रों में कजली या कजलियां के नाम से भी जाना जाता है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड अंचल में मनाया जाने वाला यह पारंपरिक पर्व रक्षाबंधन के अगले दिन भाद्रपद कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को मनाया जाता है। लोकमान्यता के अनुसार यह पर्व हरियाली, नई फसल, सुख-समृद्धि और आपसी भाईचारे का प्रतीक है।

मंगलगीत गाते हुए नर्मदा तट पहुंचीं महिलाएं, पूजन अर्चन कर विसर्जन किए

भुजरिया पर्व को लेकर ग्रामीण अंचलों सहित चौरसाखेड़ी में सुबह से ही पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा। कई दिनों से घरों में तैयार की जा रही भुजरिया को शनिवार को विशेष रूप से टोकरियों में सजाया गया। महिलाएं समूह में एकत्रित हुईं और पारंपरिक तरीके से सिर पर भुजरिया की टोकरियां रखकर मंगलगीत गाते हुए नर्मदा तट की ओर रवाना हुईं।

ग्रामीण रास्तों से गुजरती महिलाओं की टोलियों के कारण वातावरण लोकगीतों से गूंजता रहा। नर्मदा तट पहुंचने के बाद महिलाओं ने भुजरिया को नदी किनारे रखा। इसके बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। जल अर्पित कर परिवार और समाज की सुख-शांति के साथ अच्छी वर्षा और खेतों में भरपूर पैदावार की कामना की गई। पूजन के बाद श्रद्धापूर्वक भुजरिया का नर्मदा जल में विसर्जन किया गया।

बुजुर्गों के साथ युवाओं ने थामी डांडिया मनाया भुजरिया पर्व

भुजरिया पर्व का सबसे आकर्षक दृश्य उस समय दिखाई दिया, जब चौरसाखेड़ी में बुजुर्गों के साथ युवाओं ने डांडिया खेलना शुरू किया। ढोलक की थाप और लोकगीतों के बीच बुजुर्गों ने डांडिया की परंपरा संभाली तो युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ उनका साथ दिया। उम्र का अंतर भूलकर एक साथ डांडिया खेलते बुजुर्ग और युवा पीढ़ियों के बीच जुड़ाव और सामाजिक एकता का संदेश देते नजर आए।

बुजुर्गों ने बताया कि पहले भुजरिया पर्व गांव के सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हुआ करता था। महिलाएं समूह में भुजरिया लेकर निकलती थीं और पुरुष व युवा लोकगीत, नृत्य और डांडिया में शामिल होते थे। आधुनिकता के दौर में कई लोकपरंपराएं धीरे-धीरे बदल रही हैं, ऐसे में युवाओं का इस आयोजन में शामिल होना संस्कृति को आगे बढ़ाने का सकारात्मक संदेश है।

एक-दूसरे को भुजरिया भेंट कर पर्व की शुभकामनाएं दी

विसर्जन के बाद ग्रामीणों ने एक-दूसरे को भुजरिया भेंट कर पर्व की शुभकामनाएं दीं। युवाओं ने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर लोग एक-दूसरे से गले मिले और भुजरिया देकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की भावना को मजबूत किया।

परंपरा व उत्साह से मनाया भुजरिया पर्व, दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरा अनुसार भुजरिया पर्व पूरे उत्साह से मनाया गया। रक्षाबंधन के दूसरे दिन पारंपरिक त्योहार भुजरिया मनाने की परंपरा चली आ रही है जो आज भी जारी है ग्राम आँख मऊ के पंडित संतोष परसाई ने बताया ग्राम की लड़कियां जिनकी शादी हो चुकी है जो पहली बार अपने माता-पिता के घर आती है नवमी तिथि को भुजरिया बोती है कुछ लोग जिनकी मानता होती है वह भी भुजरिया बोते हैं।

लगभग 4:00 बजे महिलाएं भुजरिया घर से मंदिर ले जाती हैं जहां पहले भुजरिया की पूजन होती है फिर भुजरिया तोड़ी जाती है प्रथम भुजरिया देवी देवताओं को चढ़ाई जाती है एवं मंदिर प्रांगण में उपस्थित ग्रामवासी आपस में एक दूसरे को भुजरिया देकर आशीर्वाद प्रेम स्नेह प्राप्त करते हैं।

मंदिर प्रांगण में डंडा बजाने लोक गायन एवं भजन गाए जाते हैं गांव वाले जिस परिवार में गमी हुई है उनको भुजरिया देने जाते है।

सांदीपनि स्कूल के सामने सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे, पानी में गिर रहे मासूम बच्चे

तवा कॉलोनी के लोग भी हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



स्थानीय तवा कॉलोनी में संचालित सांदीपनि विद्यालय के मुख्य गेट के सामने सड़क बदहाल है। स्कूल बसों की सतत आवाजाही से सड़क पर बड़े व गहरे गड्ढे हो गए हैं। अव्यवस्था से स्कूली विद्यार्थी, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कॉलोनीवासी बहुत परेशान हैं।

विद्यार्थियों एवं तवा कॉलोनी में निवासरत अधिकारियों तथा कर्मचारियों के परिजनों ने बताया कि गड्ढे युक्त सड़क में गिरकर बच्चे कई बार चोटिल हो चुके हैं। वाहन इसमें फंस जाते हैं तथा आवाजाही लंबे समय से बाधित है। साइकिल से आने-जाने वाले विद्यार्थी सबसे ज्यादा परेशान हैं। मार्ग से तवा कॉलोनी के रहवासियों का भी आना-जाना होता है। कीचड़ और जलभराव के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। रहवासियों ने कहा कि कई बार संबंधित विभागों में शिकायत कर चुके, लेकिन सुधार नहीं हुआ है। लोगों ने मांग की है कि स्कूल के सामने की सड़क दुरुस्त कर गड्ढे पूरे जाएं व पानी की निकासी की जाए, ताकि लोगों को राहत मिले। अन्यथा यदि सड़क के गहरे गड्ढे होते रहे, तो किसी दिन बच्चे गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो सकते हैं

माखन नगर में विवेकानंद युवा मंडल ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विवेकानंद युवा मंडल माखन नगर द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष प्रसन्न हरने के निर्देश पर हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया

मंडल अध्यक्ष नेमीचंद विश्वकर्मा ने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और खेल कौशल से भारतीय हॉकी को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है उनकी जयंती 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाकर उनके खेल योगदान को सम्मानित किया जाता है उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन युवाओं को खेलों की प्रति समर्पण अनुशासन और स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करता है इस अवसर पर प्रशांत सोनी नरेंद्र यादव अतुलकर हेमंत साहू राकेश मालवीय जीशान अली विवेक प्रजापति सहित अनेक युवा मौजूद रहे1

धन्नासेठों पर मेहरबान बैंकः सहकारी बैंक का 26 लाख से अधिक का बकाया डकार गए 'रसूखदार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की पचमढ़ी रोड शाखा इन दिनों गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है। लगभग 10 से 15 वर्ष पूर्व बांटे गए मोटरसाइकिल लोन की किश्तें आज तक बैंक के खाते में वापस नहीं पहुंची हैं। ताज्जुब की बात यह है कि आम किसानों से वसूली के लिए सख्ती दिखाने वाला बैंक प्रशासन शहर के नामचीन और रसूखदार धन्नासेठों के आगे बेबस नजर आ रहा है।

क्या है पूरा मामला

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, करीब 10 वर्ष पूर्व जिला सहकारी बैंक के तत्कालीन जिला प्रबंधक द्वारा मोटरसाइकिल की एजेंसी ली गई थी। इसके बाद बैंक की पचमढ़ी रोड शाखा के माध्यम से किसानों और स्थानीय नागरिकों को आसान किस्तों पर मोटरसाइकिल लोन उपलब्ध कराया गया था। लेकिन इस योजना का फायदा उठाकर नगरपालिका क्षेत्र के कई साधन-संपन्न और रसूखदार लोगों ने भी वाहन लोन ऐंठ लिया। आज 15 साल बीत जाने के बाद भी लगभग 62 लोगों ने लोन की राशि जमा नहीं की है। बैंक का कुल 26,79,000 बकाया है। बकायादारों की सूची में शहर के नामचीन वकील, नोटरी, पत्रकार, राजनीतिक रसूखदार और व्यापारी शामिल हैं।

खाद-बीज की उधारी भी फंसी, संकट में बैंक

मामला सिर्फ मोटरसाइकिल लोन तक सीमित नहीं है। जिला प्रशासन और बैंक कर्मचारी लगातार वसूली के प्रयास कर रहे हैं, लेकिन वसूली की गति इतनी धीमी है कि बैंक का कैश फ्लो पूरी तरह बिगड़ चुका है। ग्राहक परेशानबैंक में तरलता की भारी कमी हो चुकी है। आलम यह है कि अपनी ही जमा पूंजी निकालने पहुंच रहे ग्राहकों को नकद भुगतान के नाम पर महज 10,000 ही दिए जा रहे हैं। बाकी का बड़ा भुगतान एनईएफटी या ट्रांसफर के जरिए ही किया जा रहा है, जिससे आम ग्रामीण और किसान बेहद परेशान हैं।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

इस संबंध में जब जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पचमढ़ी रोड शाखा प्रभारी अजब सिंह पटेल ने बताया कि पुराने मोटरसाइकिल लोन की वसूली के लिए बैंक स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बकायादारों को चिन्हित कर वसूली की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

राष्ट्रीय खेल दिवसः पिपरिया में मेजर ध्यानचंद की जयंती पर फुटबॉल मैच का आयोजन, उत्कृष्ट खिलाड़ियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती (राष्ट्रीय खेल दिवस) के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित अतिथियों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर वक्ताओं ने मेजर ध्यानचंद की जीवन यात्रा, उनके संघर्ष और भारतीय खेल जगत में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हुए अनुशासन और खेल भावना को जीवन में उतारने का संदेश दिया गया।

सुब्रतो कप के खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित 'सुब्रतो कप' प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाली सांदीपनि विद्यालय एवं आर.एन.ए. उत्कृष्ट विद्यालय की अंडर-17 बालिका फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उपस्थित सभी लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

रोमांचक फुटबॉल मैच का आयोजन

श्रद्धांजलि और सम्मान समारोह के उपरांत एक मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें युवा खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मैदान में मौजूद दर्शकों और सहपाठियों ने खिलाड़ियों का जमकर हौसला बढ़ाया और मैच का आनंद लिया।

इनकी रही गरिमामयी मौजूदगी

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य संजीव दुबे, खेल समन्वयक प्रीतम सिंह ठाकुर तथा राष्ट्रीय खिलाड़ी नमन मुरलीधर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रशिक्षक, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

एडीएम ने श्यामपुर तहसील के नवनिर्मित भवन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना ने श्यामपुर तहसील के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न कक्षों, अभिलेखों के रखरखाव तथा आमजन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यालयीन कार्यों का व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन को राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने तथा कार्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार संतराव देशमुख, लोक सेवा प्रबंधक विजय बामकले, सहायक संचालक हथकरघा आकाश गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राशन दुकान की बदहाल व्यवस्था पर एसडीएम ने जताई नाराजगी

जर्जर भवन में तिरपाल के नीचे रखा मिला खाद्यान्न कीचड़ भरे रास्ते से परेशान हो रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के तहत शनिवार को एसडीएम संजीव कुमार नागू ने नगर की विभिन्न शासकीय संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांदीपनी स्कूल,सेवा सहकारी समिति और वार्ड क्रमांक-3 स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उचित मूल्य की दुकान की बदहाल स्थिति सामने आने पर एसडीएम ने व्यवस्थाओं को लेकर चिंता जताई और जल्द सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत सांदीपनी स्कूल से हुई एसडीएम ने स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर पढ़ाई एवं शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद वे सेवा सहकारी समिति पहुंचे,जहां कर्मचारियों की उपस्थिति,यूरिया के उपलब्ध स्टॉक और किसानों को खाद वितरण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम ने वार्ड क्रमांक-3 स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया यहां खाद्यान्न के स्टॉक और वितरण व्यवस्था की जानकारी लेने के दौरान दुकान की बदहाल स्थिति सामने आई उचित मूल्य की दुकान पुराने और जर्जर भवन में संचालित होती मिली। बारिश के मौसम में हितग्राहियों के लिए रखा खाद्यान्न तिरपाल से ढंककर रखा गया था। दुकान तक पहुंचने वाले रास्ते पर कीचड़ जमा होने के कारण राशन लेने आने वाले हितग्राहियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। व्यवस्थाओं की स्थिति देखकर एसडीएम ने चिंता जताई उन्होंने कहा कि उचित मूल्य की दुकान की व्यवस्थाओं में जल्द सुधार किया जाएगा, ताकि गरीब और जरूरतमंद हितग्राहियों को राशन लेने में किसी तरह की परेशानी न हो। एसडीएम संजीव कुमार नागू ने बताया कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति जानने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारी फील्ड में पहुंचकर विभिन्न शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं स्कूल, आंगनबाड़ी,स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य की दुकान सहित अन्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं को मौके पर जाकर देखा जा रहा है।

डीडी कॉन्वेंट स्कूल की बालिका वॉलीबॉल टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में डीडी कॉन्वेंट स्कूल बुधनी की अंडर-19 बालिका वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का आयोजन 21 अगस्त को इछावर विकासखंड मुख्यालय स्थित सांदीपनी स्कूल में किया गया था।प्रतियोगिता में डीडी कॉन्वेंट स्कूल की बालिका खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए इछावर और सीहोर की टीमों को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। टीम की शानदार सफलता के साथ ही डीडी कॉन्वेंट स्कूल की 9 बालिका खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता ब्यावरा में 17 एवं 18 नवंबर को आयोजित की जाएगी। टीम ने यह सफलता कोच आकाश मसीह के निर्देशन और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के दम पर हासिल की टीम के लगातार बेहतर प्रदर्शन से स्कूल के साथ ही बुधनी नगर का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। टीम की इस उपलब्धि पर संस्था संचालक जेके त्रिपाठी एवं समस्त विद्यालय परिवार ने विजेता खिलाड़ियों और कोच आकाश मसीह को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

खबर संक्षेप



तीन धाम के लिए तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना

रहटगांव। रविवार को तीन धाम के लिए रहटगांव से तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना हुआ। सभी तीर्थयात्रियों ने यात्रा प्रारंभ करने से पहले सुबह गांव के गणेश मंदिर, शंकर मंदिर और बजरंग मंदिर में पूजन पाठ किया।इस अवसर पर ग्रामीणों ने पुष्पहार पहनाकर सभी यात्रियों को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। गौरीशंकर गौर प्रभु दयाल गौर ,ओमप्रकाश गौर, आशा गौर ,मना गौर एवं झाडबिडा से सियाराम गौर प्रभा गौर, रामसेवक गौर सहित अन्य तीर्थ यात्री यह तीन धाम की यात्रा में रामेश्वरम जगन्नाथ पुरी नेपाल 11 ज्योतिर्लिंग, अयोध्या के दर्शन लगभग 30 दिन की यात्रा तीन धाम की यात्रा होगी साथ ही क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना करेंगे।

कलेक्टर ने किया ब्लैक स्पॉटों का निरीक्षण

खरगोन। जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और यातायात को सुगम बनाने के लिए जिला कलेक्टर गुरु प्रसाद ने प्रमुख दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सक्षम ढाबा, सात माता पानवा और निमरानी बायपास का मौके पर जाकर जायज़ा लिया और सड़क सुरक्षा के मानकों को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने देखा कि कई स्थानों पर झाड़ियों और पेड़ों की टहनियों के कारण वाहन चालकों की दृश्यता बाधित हो रही है। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि सड़कों के मोड़ और अंधे मोड़ों पर आड़े आ रहे पेड़ों की कटाई-छंटाई और झाड़ियों की सफाई तत्काल प्रभाव से कराई जाए। इसके अलावा, सड़कों के किनारों को सुरक्षित बनाने के लिए शोल्डर (कच्चे किनारों) को मिट्टी व गिट्टी से भरवाने, सड़क सीमा में किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाने तथा दुर्घटना संभावित मोड़ों व स्थानों पर स्पष्ट मार्किंग व सांकेतिक बोर्ड लगाने के सख्त निर्देश जारी किए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

2 सितंबर को निकालेंगे वाहन रैली

सीहोर। नगर धाकड़ युवा संगठन के तत्वावधान में आराध्य देव भगवान श्री बलराम का जन्मोत्सव धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर 2 सितंबर (बुधवार) को शहर में एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के अध्यक्ष विनोद नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज की एकता, संगठन और धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह भव्य रैली आयोजित की जा रही है। वाहन रैली प्रातः 11:00 बजे भोपाल नाका से प्रारंभ होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाल विहार ग्राउंड पर संपन्न होगी।

साढ़े तीन साल से फरार आरोपी को एसआईटी ने रातातलाई स्थित ससुराल से दबोचा

बहुचर्चित अनिल माणिक हत्याकांड का मुख्य आरोपी धर्मेंद्र उर्फ धर्मू पटेल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा





जिले के बहुचर्चित एवं जघन्य अनिल माणिक हत्याकांड में लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी धर्मेंद्र उर्फ धर्मू पटेल को हरदा पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए ग्राम रातातलाई, थाना हंडिया क्षेत्र में अपनी ससुराल में छिपकर रह रहा था। पुलिस को मिली गोपनीय सूचना के बाद एसआईटी ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय हरदा के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार थाना टिमरनी में इस मामले में अपराध क्रमांक 13/2023 धारा 302, 201, 120-बी भादवि तथा धारा 3(2)(५) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। अनिल माणिक की हत्या के बाद मामले की जांच में पुलिस ने अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा किया था, जबकि मुख्य आरोपी धर्मेंद्र उर्फ धर्मू पटेल लंबे समय से फरार चल रहा था। दिसंबर 2022 में भुवनखेड़ी क्षेत्र में अनिल माणिक का शव मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। अनिल माणिक डंपर चालक के रूप में कार्य करता था। जांच के दौरान पुलिस के सामने यह बात आई कि डंपर की बैटरी चोरी होने के संदेह में अनिल के साथ मारपीट की गई थी। बाद में मामले को हादसा दिखाने के लिए शव को सड़क के पास डालने की बात भी जांच में सामने आई थी। जनवरी 2023 में पुलिस ने मामले में धर्मेंद्र पटेल, संदीप गुर्जर और जाहिद खान के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने संदीप गुर्जर को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया था, जबकि धर्मेंद्र पटेल और जाहिद खान फरार बताए गए थे। इसके बाद मुख्य आरोपी धर्मेंद्र पटेल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई स्थानों पर दबिश दी थी।

गिरफ्तारी की कोशिशें पहले भी हुई

मुख्य आरोपी की तलाश में पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी जाती रही। जनवरी 2023 में सिवनी मालवा क्षेत्र के ग्राम गाडरिया में भी आरोपी के छिपे होने की सूचना पर टिमरनी एवं करताना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की थी। इस दौरान पुलिस टीम को आरोपी के संभावित ठिकाने से निकल रहे वाहन को रोकने का प्रयास करना पड़ा था। पुलिस रिकॉर्ड में इस कार्रवाई के दौरान पुलिस वाहन को टक्कर मारकर भागने और पुलिसकर्मी के घायल होने का भी उल्लेख मिलता है। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि धर्मेंद्र उर्फ धर्मू पटेल ग्राम रातातलाई स्थित अपनी ससुराल में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही गठित एसआईटी ने कार्रवाई शुरू की। प्रकरण की विवेचक एवं एसआईटी की नेतृत्वकर्ता एसडीओपी टिमरनी आकांक्षा तलया के नेतृत्व में टीम ने रातातलाई पहुंचकर दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसआईटी में जिले के तीन निरीक्षक स्तर के अधिकारी, पांच उप निरीक्षक, चार सहायक उप निरीक्षक, आठ प्रधान आरक्षक एवं 15 आरक्षक शामिल रहे। कार्रवाई में निरीक्षक रामप्रसाद कवरेती, रोशनलाल भारती, निकिता विल्सन सहित उप निरीक्षक प्रकाश सोलंकी, मानवेन्द्र भदौरिया, पुरुषोत्तम गौर, अशोक अहिरवार, अजय रघुवंशी तथा अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रविवार को ही आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

खेल दिवस पर दौड़ का आयोजन

बच्चों के साथ थाना प्रभारी ने लगाई 100 मीटर दौड़, बढ़ाया हौसला



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरदा के तत्वावधान में 28 से 30 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हरदा, टिमरनी एवं खिरकिया में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय खेल दिवस की थीम ह्न1 घंटा रोज खेल के मैदान परह्न के तहत 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अजाक थाना हरदा के थाना प्रभारी सुरेश कालबोर ने हॉकी के जादूगर एवं महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की स्मृति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने बच्चों के साथ 100 मीटर दौड़ लगाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। थाना प्रभारी ने खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए कहा कि खेलने के लिए उम्र कोई मायने नहीं रखती। फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन अपने लिए समय निकालकर शारीरिक व्यायाम एवं खेल गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। ब्लॉक समन्वयक सुश्री खान ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को नियमित खेल एवं व्यायाम के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को थाना प्रभारी श्री कालबोर, ब्लॉक समन्वयक सुश्री खान, एथलेटिक्स कोच राजेश जाट एवं व्यायाम शिक्षक राहुल कुशवाहा ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। सुश्री खान ने बताया कि 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में दिर्शाना खोरे ने प्रथम, सावली पेथवार ने द्वितीय व माही दुगाया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालक वर्ग में अमन खान ने प्रथम, प्रिंस कुमार ने द्वितीय व अर्थव निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी मैत्री मैच का आयोजन किया गया

खिलाड़ियों ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा नेहरू स्टेडियम में हॉकी मैत्री मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हॉकी के जादूगर एवं महान खिलाड़ी स्व. मेजर ध्यानचंद को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। ब

लॉक समन्वयक सलमा खान ने बेताया कि कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जिला अध्यक्ष भाजपा राजेश वर्मा, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सिंह तोमर एवं नगर महामंत्री पुरुषोत्तम सहित अन्य अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके खेल जीवन और देश के लिए दिए गए योगदान को याद किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद जी ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर देश का नाम विश्व स्तर पर गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों को उनसे प्रेरणा लेकर खेल के क्षेत्र में निरंतर मेहनत करनी चाहिए और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन करना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन सिखाता है। खिलाड़ी हारने से पराजित नहीं होता, बल्कि हार से उसका मनोबल बढ़ता है और वह संघर्ष करने के लिए और मजबूत बनता है। कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हॉकी मैत्री मैच में भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना तथा मेजर ध्यानचंद के जीवन और खेल उपलब्धियों से खिलाड़ियों को प्रेरणा देना रहा।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान में शिविर आयोजित किया गया

कलेक्टर ने सुनी की शिकायतें, मौके पर निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत भीकनगांव मंडी परिसर में जनविश्वास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने के साथ शासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना रहा। समाधान ऑनलाइन में शिकायतकर्ताओ की शिकायतों का हुआ निराकरण शिविर में कलेक्टर गुरु प्रसाद ने समाधान ऑनलाइन की तर्ज पर शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों से मौके पर ही उनके निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को मंच पर बुलाकर क्षेत्र भ्रमण के दौरान की गई कार्रवाई की जानकारी भी जनसमुदाय के सामने ली। कलेक्टर प्रसाद ने कहा कि अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। आमजन को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसी उद्देश्य से जनविश्वास शिविर के माध्यम से अधिकारी जनता के बीच पहुंच रहे हैं। उन्होंने मौजूद जनसमुदाय से उनके क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं की जानकारी भी ली। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, खाद्य, शिक्षा, श्रम, सामाजिक न्याय, आयुष्मान भारत, आधार, समग्र ई-केवाईसी, रोजगार एवं स्वरोजगार सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। यहां पात्र हितग्राहियों को सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ नए आवेदनों का पंजीयन, दस्तावेजों का सत्यापन, शिकायतों का त्वरित निराकरण तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ वितरित किए गए।

स्वास्थ्य शिविर में 353 हितग्राहियों का पंजीयन

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल 353 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जिनमें 203 पुरुष एवं 150 महिलाएं शामिल रहीं। शिविर के दौरान 102 सामान्य बीमारी के मरीजों तथा 27 गर्भवती महिलाओं (एएनसी) का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक जांच की गई। साथ ही 29 गर्भवती महिलाओं की ई-केवाईसी भी की गई। शिविर में 11 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त टीबी जांच के लिए 09 लोगों के एक्स-रे, सिकल सेल रोग की 17 जांचें तथा हड्डी रोग से संबंधित 5 मरीजों की जांच की गई। आयुष विभाग द्वारा कुल 140 मरीजों को जांच एवं उपचार प्रदान किया गया। बीपी, शुगर एवं अन्य सामान्य रोगों से संबंधित मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी एवं आवश्यक अपडेट किए गए तथा उन्हें योजना के लाभ एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में नागरिकों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, एनीमिया नियंत्रण, गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं उपचार तथा शासन की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ का वितरण भी किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्र के नागरिकों ने सहभागिता कर विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं का लाभ लिया। शिविर में भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी, नगर पालिका अध्यक्ष सुधा विजय महाजन, जनपद अध्यक्ष सरदार रावत, सांसद प्रतिनिधि नकुल कापसे, जनपद उपाध्यक्ष निलेश जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री मिलिंद कुमार नागदेवे, एसडीएम लोकेश छापरे सहित अन्य जिला अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्टेडियम मैदान पर उत्साह और उमंग से मनाया खेल दिवस

हॉकी, फुटबॉल एवं बास्केटबॉल के मैत्री मैचों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, खरगोन द्वारा जिला खेल अधिकारी सुश्री पवी दुबे के मार्गदर्शन में स्टेडियम मैदान पर खेल दिवस का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। आयोजन में जिले के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का शानदार परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद करते हुए की गई। खरगोन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री अंकुश जायसवाल एवं माय भारत के युवा अधिकारी श्री कुशांग चौहान ने मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके खेल जीवन एवं देश के लिए दिए गए योगदान को याद किया। इसके पश्चात अतिथियों ने विभिन्न खेलों में शामिल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। खेल दिवस के अवसर पर स्टेडियम मैदान में हॉकी, फुटबॉल एवं बास्केटबॉल के मैत्री मैच आयोजित किए गए। विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ मैदान पर अपना दमखम दिखाया। मैत्री मैचों के दौरान खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना के साथ एक-दूसरे का उत्साहवर्धन किया।lm इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री अंकुश जायसवाल ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। नियमित खेल गतिविधियों से शरीर स्वस्थ रहने के साथ ही सकारात्मक सोच का विकास होता है। आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करना रहा। खेल दिवस के माध्यम से खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और अपने क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन करने का संदेश दिया गया। मैत्री मैचों के दौरान स्टेडियम मैदान खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों से गुलजार रहा। हॉकी, फुटबॉल एवं बास्केटबॉल के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ मुकाबलों में हिस्सा लिया। उपस्थित खेल प्रशिक्षकों उच्छमसिंह रावत, ज्योति बाला रावत, जीतेन्द्र हिरवे, राकेश अंथनकर, आशीष गुप्ता, शभानुप्रताप दसोधी, अरुणा खोडे, श्रीमती स्वाति शर्मा, जयराय दागी, इकबाल खान, सागर राठौड़ एवं शदेवेंद्र मोरे तथा विभागीय कर्मचारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए लगातार विभिन्न खेल गतिविधियों एवं आयोजनों का आयोजन किया जा रहा है। खेल दिवस का यह आयोजन भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

धामंदा में आयोजित मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम में राजस्व मंत्री शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्राम धामंदा में भ्रमण एवं शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार एवं समय-सीमा में निराकरण किया जाए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

निर्मित और निर्माणाधीन खेल अधोसंरचनाओं का किया गया निरीक्षण

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रमुख सचिव ने किया जिले के खेल परिसरों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव संजीव सिंह द्वारा शनिवार को सीहोर जिले का भ्रमण कर जिले में संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्रों, खेल आयोजनों तथा निर्मित एवं निर्माणाधीन खेल अधोसंरचनाओं का निरीक्षण किया गया।

भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव संजीव सिंह ने चर्च ग्राउंड फुटबॉल स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम, बैडमिंटन हॉल एवं वेटलिफ्टिंग हॉल सहित विभिन्न खेल परिसरों का निरीक्षण किया। उन्होंने खेल सुविधाओं की व्यवस्थाओं एवं खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर प्रमुख सचिव संजीव सिंह द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रमुख सचिव ने खिलाड़ियों एवं खेल से जुड़े अधिकारियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए खेल गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा जिले में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। तहसीलदार एवं सीहोर अमित सिंह, संभागीय अधिकारी रुबिका दीवान आदि मौजूद रहे।

रक्षा बंधन महोत्सव वृद्धाश्रम में मनाया गया, खीर पूड़ी का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी शहर के संकल्प वृद्धाश्रम में रक्षा बंधन का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर नशा मुक्ति केन्द्र में करीब 150 से अधिक हितग्राही, स्टाफ और आश्रम में निवासरत करीब दो दर्जन से अधिक बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संचालक राहुल सिंह के निर्देश पर आयोजित महोत्सव की शुरूआत भजन कीर्तन के साथ की गई।

कार्यक्रम के दौरान आश्रम के केयर टेकर आनंद व्यास, बाबू सिंह, रितेश माहेश्वरी ने यहां पर आने वाले समाजसेवी विवेक रुठिया आदि का स्वागत किया। समाजसेवी विवेक रुठिया ने यहां



पर निवासरत वृद्धजनों को बिस्कुट के पैकेट आदि का वितरण करते हुए कहाकि बुजुर्गों की सेवा करना ही भगवान की सेवा है।

रक्षा सूत्र भाई के जीवन में विजय और कार्यसिद्धि का मार्ग प्रशस्त करता : इस मौके पर पंडित सुनील पाराशर ने बताया कि विधिपूर्वक बांधा गया रक्षा सूत्र भाई के जीवन में विजय और कार्यसिद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व ही नहीं रक्षा का पर्व है। असुरों के राजा बलि ने अपने बल और पराक्रम से तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया था। राजा बलि के इस पराक्रम को देखकर स्वर्ग के राजा इंद्रदेव घबरा गए और भगवान विष्णु के पास मदद मांगने पहुंचे। इंद्र की प्रार्थना स्वीकार कर भगवान विष्णु ने वामन अवतार धारण किया और राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंच गए। वामन भगवान ने दानवीर बलि से तीन पग भूमि मांगी। अपने पहले और दूसरे पग में भगवान ने धरती और आकाश नाप लिया। इसके बाद तीसरा पग रखने के लिए कुछ बचा नहीं तो राजा बलि ने तीसरा पग अपने सिर पर रखने के लिए कहा। भगवान वामन ने ऐसा ही किया।